**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 22.09.2024**

**विषय:- चोरी के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त थाना-भेलूपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, चोरी गयी 59,650 रुपये बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर के नेतृत्व में थाना भेलूपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 392/2024, धारा- 331(4)/ 305/317(2) बी0एन0एस0 थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त करन प्रसन्ना पुत्र स्व0 मनीष प्रसन्ना नि0 म0न0 बी 20 / 189 भेलूपुर पानी टंकी थाना भेलूपुर वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष को बी0एच0यू0 कालोनी के पास थाना भेलूपुर वाराणसी से दिनांक 21.09.2024 को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया तथा चोरी की गयी रकम में से 59,650 रुपये बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भेलूपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

**घटना का विवरण:-** मु0अ0सं0- 0392/2024 धारा- 331(4)/ 305/317(2) बी.एन.एस. के वादी मुकदमा विवेक खन्ना पुत्र विनोद खन्ना निवासी B7/9 रथयात्रा भेलूपुर वाराणसी द्वारा प्रतिवादी द्वारा वादी मकदमा के अरिहन्त डिस्ट्रीव्यूटर प्रतिष्ठान का ताला तोड़ कर आफिस के दराज में रखे 04 लाख रुपये व पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेन्स चोरी कर लेने आदि कतिपय आरोपो के संबंध में पजीकृत कराया गया।

**विवरण पूछताछ:-** अभियुक्त पूछताछ में बता रहा है कि मैं दिनांक 20.09.2024 की भोर में लगभग 03.00 बजे मैंने एमरान बैटरी एजेन्सी अरिहन्त डिस्ट्रीब्यूटर जिसके मालिक विवेक खन्ना है। उक्त एजेन्सी में मै घुसकर उनके काउण्टर से लगभग एक लाख रुपये चुराया था चूंकि मै उनकी दुकान पर पूर्व में काम कर चुका हूँ। मैं यह जानता था कि रुपये कहाँ रखे गये है। काउण्टर की रैक में रखा सारा पैसा लगभग एक लाख रुपये, पैन कार्ड व ड्राइविंग लाइसेन्स चोरी कर लिया है। जिसमे से मेरे पास 59,650 रुपये बचा था जो आपने मेरे पास से बरामद किये है। बाकी मैंने खर्च कर दिया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. करन प्रसन्ना पुत्र स्व0 मनीष प्रसन्ना नि0 म0न0 बी 20 / 189 भेलूपुर पानी टंकी थाना भेलूपुर वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

1. नगद 59,650 रुपये।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विजय कुमार शक्ला थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
2. उ0नि0 आदित्य कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी दुर्गाकुंड थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
3. प्रशिक्षु उ0नि0 प्रदीप निषाद थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
4. का0 संग्राम यादव थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन,**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**